an>

Title: Need to take steps to repatriate three youth of Punjab trapped in Lybia.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : अध्यक्ष महोदया, पंजाब के लुधियाना डिस्ट्रीक्ट के तीन युवाओं को लीबिया में एक तेल कंपनी ने बंदी बना लिया है। ...(व्यवधान) परिवार जनों की ओर से कहा जा रहा है कि उनके टेलीफोन छीन लिए गए हैं, उनको खाने के लिए कुछ भी नहीं दिया जा रहा है। ...(व्यवधान) जब वे लोग तनख्वाह मांगते थे तो उनकी पिटाई की जाती थी, उनको टार्चर किया जाता था। ...(व्यवधान) कल माननीय एक्सटर्नल मंत्री जी ने हाऊस में कहा था। अरब कंट्री में फंसे इंडियन के बचाव के लिए अपनी टीम भेजी है और माननीय मंत्री को भी भेजा है। ...(व्यवधान) मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि लीबिया में फंसे तीन युवाओं को जिसे तेल कंपनी ने बंदी बना रखा है जहां वह वेल्डिंग का काम करते थे, उनके बचाव के लिए कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि उनकी जान खतरे में है।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।